Dr.G.Leelavathi , Assistant Professor ,Member of B.O.S(Hindi) has Attended meeting at SRR Arts & Science College, Karimnagar on 22.09.2022

Attended as Guest of Honour to Certificate Course Inaugural Session on 22-09-2022 at Department of Hindi , SRR Arts & Science College, Karimnagar

एस आर आर शासकीय महाविद्याल्य मे हिन्दी क्रिएटिव राइटिंग सर्टिफिकेट कोर्स आरम्भ

करीमनगर 22 सितंबर (हिंदी डेली ब्यूरो),हिन्दी विभाग द्वारा स्थानीय राजराजेश्वर राजकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में 14 सितम्बर से 28 सितंर तक 15 दिनों के लिए %राष्ट्रीय भाषा हिंदी पखवाड़ा% आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत हिंदी भाषा में रचनात्मक लेखन और लेखन कौशल के प्रशिक्षण के लिए 30 छात्रों के साथ आज 30 दिवसीय शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया। महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के तत्ववधान मे अयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथियों के रूप मे ऊटनूर महाविद्यालय के हिन्दी सहायक प्राध्यापक डॉ.पी.प्रेमचंद एवं वरंगल काकतीया राजकीय महाविद्यालय से हिन्दी के सहायक प्राध्यापक डॉ. जी. लीलावती भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स हिंदी छात्रों के कौशल में सुधार के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम उन्हें हिंदी में अपने पेशेवर और साहित्यिक कौशल को विकसित करने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि छात्रों को हिंदी में विभिन्न कार्यालय पत्राचार, समाचार पत्रों को समाचार कैसे लिखना है और विभिन्न साहित्यिक प्रक्रियाओं में, विशेष रूप से प्रभावी कविताओं और कहानियों को लिखने के लिए आवश्यक कौशल में प्रशिक्षित किया जा सकता है। तत्पश्चात पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. वी. वरप्रसाद भी छात्रों से अनुरोध किया कि इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक छात्रों को दो सौ रुपये का भुगतान कर 10 अक्टूबर तक हिंदी विभाग में पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. रामकृष्ण ने की। अवसर पर कॉलेज के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. ओ.एस.कुमार, वाइस प्रिंसिपल एम.हिमाबिंदु, स्टाफ सचिव डॉ. ए. श्रीनिवास, हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकार सय्यद इमामुद्दीन और अन्य ने भाग लेते हुए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर हिंदी विभाग प्रमुख डॉ वी वरप्रसाद को बधाई दी।